भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.03.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3542 का उत्तर

मानव रहित रेल समपारों पर दुर्घटनाएं

3542. श्री नरेन्द्र कुमार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास राजस्थान के सभी जिलों में मानव रहित रेल समपारों के कारण मानव और जानवरों की दुर्घटना की संख्या के संबंध में कोई आंकड़ा है; और

(ख) यदि हां, तो रेलवे द्वारा स्थानीय जनसंख्या के जोखिम को कम करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क): विगत तीन वर्षों अर्थात् 2018-19, 2019-20 और 2020-21 (28 फरवरी, 2021 तक) राजस्थान के सभी जिलों में बिना चौकीदार वाले समपारों पर कोई परिणामी दुर्घटना नहीं हुई है।

(ख): 31 जनवरी, 2019 से भारतीय रेल की बड़ी आमान पर बिना चौकीदार वाले सभी समपारों को समाप्त कर दिया गया है।

****

S.K